





# ब्लॉक अध्यक्ष : अल्पसंख्यकों पर सहमति नहीं बन रही, तो बहुसंख्यक को बना दो

## जिले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर कशमकश जारी

**शाजापुर, 31 अक्टूबर. पहले पता ही नहीं चलता था कांग्रेस में कि ब्लॉक अध्यक्ष क्या होता है, लेकिन इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा ब्लॉक अध्यक्ष बनने को लेकर ही है. शाजापुर ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर दो दावेदार हैं - वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान और राजनीति में प्रवेश कर रहे नईम कुरैशी. दोनों के बीच ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर इन दिनों चर्चा जोरों पर है. जहां नईम के लिए पूर्व विधायक हुकुमसिंह कराड़ा अड़े हुए हैं, तो इरशाद के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेता और रामवीरसिंह सिकरवार समर्थन कर रहे हैं. यदि दोनों के बीच सहमति नहीं बनती है, तो किसी बहुसंख्यक नेता को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बना देना चाहिए. इससे अल्पसंख्यक समाज भी नाराज नहीं होगा और कांग्रेस की मुश्किलें भी हल हो जाएंगी.**

गौरतलब है कि शाजापुर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर ताजपोशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी से भी बड़ी हो गई है. कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेता जहां इरशाद खान के समर्थन में हैं, तो नईम कुरैशी के साथ अल्पसंख्यक समाज के धर्म गुरु हैं. अब देखना यह है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अल्पसंख्यक नेताओं की बात मानते हैं या अल्पसंख्यक समाज के धर्मगुरुओं की. वैसे भी ब्लॉक और शहर पर अल्पसंख्यक नेता ही काबिज हैं. यदि दोनों के बीच सहमति नहीं बनती है, तो किसी बहुसंख्यक नेता को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाना सही होगा.

### नईम और इरशाद में सहमति नहीं बनती तो राजेश पारछे को बना देना चाहिए

यदि नईम कुरैशी और इरशाद खान के नाम पर कांग्रेस में सहमति नहीं बनती है, तो अजा वर्ग से पूर्व पार्षद राजेश पारछे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नाम हो सकता है . क्योंकि कांग्रेस के सबसे लंबे समय के पार्षद और कांग्रेस के अजा वर्ग के नेता के रूप में राजेश पारछे लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं . इससे एक बात और होगी कि अभी तक किसी भी अजा वर्ग के नेता को न तो जिलाध्यक्ष बनाया गया, न ही कभी ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया और न ही कभी विधानसभा में मौका मिला . इसलिए कांग्रेस आपसी गुटबाजी को समाप्त करने के लिए राजेश पारछे को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चुन सकती है .

### शुजालपुर को नया अध्यक्ष मिलेगा या पुराना ही रिपीट होगा...

शुजालपुर विधानसभा भी कांग्रेस की प्रयोगशाला बनकर रह गई है . क्योंकि यहां भी कांग्रेस के गुटों की कमी नहीं है . पूर्व राष्ट्रीय सेवादल अध्यक्ष महेंद्र जोशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार . दोनों के अपने-अपने समर्थक हैं . अब देखना यह है कि शुजालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पर पुराने अध्यक्ष को ही लाया जाता है या फिर नए चेहरे को अध्यक्ष बनाया जाता है . अब इस बार शुजालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष में महेंद्र जोशी की चलती है या रामवीरसिंह सिकरवार की, लेकिन शुजालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर भी शाजापुर जैसा ही पेंच फंसा हुआ है . अब देखना है कि जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिपीट होते हैं या फिर कुछ नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे .

## एक नजर में

### मक्सी में निकला चल समारोह, विधायक शामिल हुए



**मक्सी, 31 अक्टूबर .** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रतिवर्षानुसार मक्सी नगर में पाटीदार समाज द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई . इस अवसर पर समाजजनों ने भव्य चल समारोह निकालकर एकता और अखंडता का संदेश दिया . चल समारोह का शुभारंभ स्टेशन रोड झोंकर फाटक से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ पाटीदार धर्मशाला पर संपन्न हुआ . नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सरदार पटेल के विचारों को स्मरण किया . चल समारोह के उपरांत पाटीदार धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां करीब 30 यूनिट रक्तदान हुआ . वहीं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया . कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ . रवि पांडे, पाटीदार समाज से मनीष राजू पटेल, सोहन पटेल, मनोज पटेल, गोविंद पटेल, महेंद्र पटेल, प्रवीण पटेल, कौशल पटेल, मनोहर पाटीदार, दीपक पटेल, नंदकिशोर पाटीदार, महेश लश्कन, मुकेश पाटीदार, रामचंद्र पाटीदार, राकेश पाटीदार, पन्नालाल लश्कन, गोपाल पटेल, पंकज पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं .

### मोहन बड़ोदिया पुलिस ने किया राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन




**मोहन बड़ोदिया, 31 अक्टूबर .** शुक्रवार सुबह 9 बजे मोहन बड़ोदिया पुलिस और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मोहन बड़ोदिया थाना परिसर से राष्ट्रीय एकता दौड़ की शुरुआत की गई, जो कुमारिया गेट पर सम्पन्न हुई . बता दें भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ मोहन बड़ोदिया थाना परिसर से हुआ, जिसमें सभी ने सामूहिक रूप से कुमारिया गेट तक दौड़ लगाई . इस दौरान मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास, खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक श्रीमती संगीता मुजाल्दे, कोच दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा मौजूद रहे . दौड़ में बालक वर्ग में अंकित चंद्रवंशी प्रथम और बालिका वर्ग में दीपिका पाटीदार प्रथम रहीं .

### सरदार पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**सोयतकलां, 31 अक्टूबर .** कालिदास विद्या निकेतन स्कूल में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई . विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक चिंतामण राठौर, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया . कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक एवं शिक्षक हरीश पाटीदार द्वारा सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया . कार्यक्रम के अतिथि हरीश पाटीदार ने कहा सरदार पटेल भारत की एकता के प्रतीक है . हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए . कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक चिंतामण राठौर ने सभी छात्र-छात्रों एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी और इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी . साथ ही इस कार्यक्रम में न केवल सरदार पटेल को याद किया, बल्कि विद्यार्थियों में एकता और अखंडता का संदेश भी फैलाया . सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे सरदार पटेल के मार्ग पर चलेंगे और अपने देश के प्रति समर्पित रहेंगे .

### देश की एकता और अखंडता के लिए दौड़े मक्सीवासी



**मक्सी, 31 अक्टूबर .** थाना प्रभारी संजय वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह मक्सी में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया . सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस दौड़ में नगर के जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . दौड़ सुबह 9 बजे तिलक स्कूल से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पुन: तिलक स्कूल पर संपन्न हुई .थाना प्रभारी संजय वर्मा एवं पुलिस बल द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर धावकों का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया . मध्य प्रदेश पुलिस के डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार इस आयोजन को सफल बनाने में मक्सी पुलिस का विशेष योगदान रहा . इस अवसर पर थाना प्रभारी संजय वर्मा के साथ एएसआई संतोष रघुवंशी, संजय सावनेर, रणकेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र शर्मा, धीरेंद्र पांडे, किरण लक्ष्यकार, आरक्षक शेखर जाट, राहुल जाट, हरेंद्र बघेल, जगदीश मीणा सहित पुलिस बल मौजूद रहा . कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . रवि पाण्डे, गोविन्द गोलू पटेल, मोड़सिंह लोधी, सुनील नानू पंड्या, दयाराम मंडलोई, कृष्णा भावसार, अजय गुप्ता, हंसराज जैन, राघवेंद्र सिंह सेंगर, जितेंद्र चौरसिया, पदम सिंह देथलिया, नरेन्द्र भावसार, दिलीप लोधी, अशोक लोधी, राकेश चौहान, अखिलेश मंडलोई, दिलीप आरोल, पवन केरवाल आदि उपस्थित रहे .

### 232 किसानों ने बेची उपज, दो दिन रहेगा अवकाश

**मोहन बड़ोदिया, 31 अक्टूबर.** मोहन बड़ोदिया कृषि उपज मंडी में भावान्तर योजना में 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कुल 232 किसानों ने अपनी उपज बेची. वहीं शुक्रवार को भावान्तर में 44 किसानों की लगभग 579 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई, जिसमें सोयाबीन अधिकतम 4252 रुपए तक बिका. बता दें भावान्तर में सोयाबीन बेचने पर अधिकतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए तक मिलेगा. कृषि उपज मंडी के प्रभारी लेखापाल रविन्द्र परमार ने बताया कि शनिवार को देवउठनी ग्यारस छोटी दीपावली एवं रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण मंडी का दो दिनों तक नीलामी कार्य बंद रहेगा.

## यहां की राजनीति में कंडीशनल विरोध की परंपरा

एक कहावत है सूरज से यदि दोस्ती हो, तो जुगनू से भी संबंध बनाए रखना चाहिए. शाजापुर जिले की राजनीति में नेताओं के बीच कंडीशनल याने शर्तों के अनुरुप विरोध की परंपरा है. कांग्रेस हो या भाजपा हो, हर नेता का अपना एक गुट है. जो दूसरे गुट से समय-समय पर दूरियां बनाता है और समय-समय पर गुटों का विलय कर लेता है. लेकिन कंडीशनल विरोध की यह परंपरा दोनों ही दलों में इन दिनों चरम पर है. जहां एक गुट में तवज्जो नहीं मिली, तो दूसरे गुट का स्नेह पाने शरण ले लेते हैं. कांग्रेस में लंबे समय तक बड़े भैया और छोटे भैया के बीच कंडीशनल विरोध रहा, तो भाजपा में भी हर नेता के बीच कंडीशनल विरोध की परंपरा शुरू हो गई है. हालांकि बड़े नेता समय-समय पर मेल मुलाकात करते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ता अपने आका की नजर में हनुमान बनने के चक्कर में कट्टर विरोधी बन जाते हैं. यही कारण है जब जिस कार्यकर्ता का आका मजबूत होता है, तो कार्यकर्ता भी मजबूत हो जाता है और जिसका आका कमजोर हुआ, कार्यकर्ता भी गर्त में चला जाता है. शाजापुर में कंडीशनल विरोधियों की इस परंपरा का जन्म बीते दो दशकों में देखने को मिला है, लेकिन इन दिनों कंडीशनल विरोधियों में तेजी से इजाफा हुआ है.

**मक्सी की राजनीति लेगी नई करवट**

शाजापुर जिले में मक्सी की राजनीति हमेशा चर्चा का केंद्र रही है. लंबे समय तक कांग्रेस का गढ़ रहा मक्सी, लेकिन अब अधिकांश कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए. मक्सी की राजनीति हमेशा कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती थी. राजनीति के साथ-साथ मक्सी कानून व्यवस्था में भी चर्चा का केंद्र है. अब मक्सी से भाजपा जिला सुप्रीमो भी हैं और कई कांग्रेसी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं. अब ऐसे में आने वाले समय में मक्सी की राजनीति नई करवट लेगी, ऐसी चर्चा राजनीतिक हलकों में है.

**माचिस आई थी...**

जाने क्या होगा अंजाम खुदा जाने, माचिस को भेजा है आग बुझाने... कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक निजी कार्यक्रम में आए थे. लेकिन कांग्रेस में वे माचिस का काम करके चले गए. हालांकि इन दिनों वे खुद हाशिये पर हैं, लेकिन उनके आगमन पर ही शांत पड़ी कांग्रेस में थोड़ी चिंगारी जरूर देखने को मिली है. हालांकि इन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का बारूद कम हो गया है, इसलिए वे ज्यादा आग तो नहीं लगा पाए, लेकिन फिर भी धुआं कर गए हैं. अब उनके धुएं का असर जिले में हो रहे ब्लॉक कांग्रेस के गठन पर जरूर पड़ेगा.

**अंत में...**

राजनीति के चूल्हों से गुटबाजी का जो धुआं उठ रहा है, वो पूरे जिले में न छा जाए, तो कहना...

## युवा उत्सव : नौ सांस्कृतिक विधाओं में शुजालपुर ने मारी बाजी

### बीकेएसएन कॉलेज में जिलास्तरीय युवा उत्सव का आयोजन




**शाजापुर, 31 अक्टूबर. पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय जिलास्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा. यहां के प्रतिभागियों ने 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं बीकेएसएन कॉलेज दो विधाओं में और पोलायकलां एक विधा में प्रथम स्थान पर रहा.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कौशल यादव प्रांतीय सहमंत्री अभाविप एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा ने की. मुख्य अतिथि यादव एवं कसेरा ने संभागस्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम में अतिथियों के समक्ष प्रतिभागियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी. प्रस्तुतियों के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा, अभाविप नगर महामंत्री पवन गुर्जर एवं महाविद्यालय अध्यक्ष राजेश कराड़ा ने पुरस्कार वितरण किया. जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए. साथ ही प्रथम स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. जिले के तीन महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. जेपी शर्मा एवं डॉ. सुनील वागले निर्णायक की भूमिका में रहे. युवा उत्सव प्रभारी डॉ. डीआर राठौर ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभागस्तरीय युवा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. मंच संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीएल मालवीय ने किया. इस अवसर पर युवा उत्सव समिति के सदस्य प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. निलेश महाजन, डॉ. टीएल चौहान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

### इन विधाओं में बने सिरमोर...

जिलास्तरीय युवा उत्सव में एकल नृत्य शास्त्रीय एवं एकल गायन पाश्चात्य में बीकेएसएन महाविद्यालय शाजापुर प्रथम रहा . समूह गायन पाश्चात्य में पोलायकला महाविद्यालय के प्रतिभागी प्रथम रहे . समूह नृत्य शास्त्रीय, एकांकी नाटक, एकल गायन शास्त्रीय, समूह गायन भारतीय सहित कुल नौ विधाओं में जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर ने बाजी मारी . इस प्रकार जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा .

## श्री चित्रगुप्त मंदिर में 56 भोग का किया आयोजन

**शाजापुर,31 अक्टूबर. कायस्थ समाज शाजापुर द्वारा गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कायस्थ महिला मंडल द्वारा 56 भोग का आयोजन किया गया. 56 भोग लगाने के पश्चात भजन गायकों द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष सुंदर एवं मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई.**

इस अवसर पर समाजजनों ने आगामी नवीन मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी चर्चा की. जिसमें सुनिश्चित किया गया की 6 एवं 7 दिसंबर को दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होगा, समाजजनों द्वारा कार्यक्रम दो दिवसीय होकर भव्य एवं आकर्षक किस प्रकार बनाया जाए इस पर भी विचार विमर्श पूर्ण सहमति से किया गया. कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष एवं सचिव कायस्थ समाज शाजापुर दीपक निगम द्वारा किया गया. उक्त कार्यक्रम में कायस्थ समाज शाजापुर के अध्यक्ष सोमप्रकाश श्रीवास्तव ,डॉक्टर आलोक सक्सेना, डॉक्टर राजेंद्र सक्सेना, बालेंदु श्रीवास्तव, शशांक श्रीवास्तव, संजय अष्ठाना, राजेंद्र सक्सेना, राजेश सक्सेना, अजय सक्सेना, हेमंत सक्सेना, रविंद्र श्रीवास्तव, मनोहर श्रीवास्तव, योगेंद्र श्रीवास्तव, अनिल माथुर, नूतन माथुर, अरविंद भटनागर, देवी प्रकाश सक्सेना ,एडीके श्रीवास्तव, कृष्णकांत सक्सेना एवं कायस्थ महिला मंडल की श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, श्रीमती अनिता श्रीवास्तव, श्रीमती मधु सक्सेना, श्रीमती रेखा भटनागर, श्रीमती संगीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे. इस अवसर पर नवीन मंदिर में कायस्थ समाज को भगवान श्री चित्रगुप्त जी की मूर्ति भेंट करने वाली श्रीमती श्यामा सक्सेना पति स्वर्गीय श्री शांतनु सक्सेना जी का सम्मान समाज जनों द्वारा किया गया.

## गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान आयोजित



**शाजापुर, 31 अक्टूबर. शासकीय कन्या महाविद्यालय शाजापुर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका पर आयोजित किया गया. इसमें उनके द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं भारत की संगठनात्मक पुनर्संरचना के लिए किए गए कार्यों की विशेष चर्चा की गई.**

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रितेश महाडिक ने उनकी दूरदृष्टिता एवं भारत की एकीकरण की आवश्यकता पर जोर देने का विस्तृत वर्णन किया. तत्पश्चात राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई. संचालन डॉ. कपिल जाटव ने किया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा, जेपी माथुर, अनिल नागर, श्रीमती दीपिका गुप्ता, डॉ. संदीप कुमार सिंह, नरेन्द्र भाटी, शंकरलाल कुशवाह उपस्थित रहे.

## पाटीदार समाज ने लगाए सरदार पटेल अमर रहे के नारे

### प्रशासन ने रन फॉर यूनिटी के बाद दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**शाजापुर, 31 अक्टूबर. शाजापुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे पाटीदार समाज ने एक चल समारोह निकाला, जिसमें समाजजन सरदार पटेल अमर रहे के नारे लगाते दिखे. वहीं प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई.**

गौरतलब है कि पाटीदार समाज का चल समारोह लालघाटी थाना के सामने स्थित पाटीदार छात्रावास से शुरू हुआ. यह शहरी हाईवे, बस स्टैंड, मगरिया चौराहा, सोमवारिया बाजार, छोटा चौक, बड़ा चौक, नई सड़क और पुलिस लाइन रोड से होते हुए वापस पाटीदार छात्रावास पर समाप्त हुआ. चल समारोह में बड़ी संख्या में पाटीदार समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया. इस दौरान समाज की युवतियों ने लाठी-दंड और विभिन्न पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा. पूरे आयोजन में देशभक्ति के गीत और सरदार पटेल अमर रहे के नारे गूंजते रहे. इसके पहले राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. यह दौड़ उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से सुबह 8.30 बजे शुरू हुई. शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, कलेक्टर ऋजु बाफना और एसपी यशपाल सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया. दौड़ फव्वारा चौराहा, बस स्टैंड परिसर और एबी रोड से होते हुए स्टेडियम ग्राउंड पर समाप्त हुई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. बता दें कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत जिले में शपथ ग्रहण समारोह, मार्च पास्ट और विभिन्न जनजागरण गतिविधियां भी आयोजित की गईं. अधिकारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई. इन आयोजनों का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए समाज में एकता और सद्भाव का संदेश फैलाना था.

**एक नजर में** — एकीकृत शाला कन्या मावि में एफएलएल मेला आयोजित

## मोबाइल से बनाएं दूरी और मन लगाकर करें पढ़ाई : जपं सीईओ



**मोहन बड़ोदिया, 31 अक्टूबर. गुरुवार दोपहर 1 बजे एकीकृत शाला कन्या माध्यमिक विद्यालय मोहन बड़ोदिया में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं एवं पालक ने सहभागिता की.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती प्रतिज्ञा पाटीदार, सचिव अर्जुन सिंह चौहान, बीएसी ब्रजमोहन कारपेंटर, संकुल प्राचार्य बीएल पाटीदार, सीएसी गोविंद पाटीदार, प्रभारी प्रधानाध्यापक बद्रीलाल सूर्यवंशी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं. मेले में बच्चों के शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी और बच्चों का कोना पर आधारित कक्षा 1 और 2 की छात्राओं द्वारा पालकों की उपस्थित में गतिविधियां आयोजित की गई. कार्यक्रम के उपरांत जनपद सीईओ ने छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में फीडबैक लिया. इस दौरान स्कूली छात्राओं ने सीईओ को कविता भी सुनाई. सीईओ के पूछने पर कि आप क्या बनना चाहेंगी, तो किसी ने पुलिस, तो किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा प्रकट की. जिस पर जनपद सीईओ ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और मोबाइल से दूरी बनाने को कहा. इसके उपरांत मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली. वहीं स्कूल स्टाफ द्वारा बालिकाओं के शौचालय की मरम्मत और वॉश स्टैंड की मांग पर जनपद सीईओ ने जल्द निर्माण का आश्वासन दिया.

### करंट लगने से हुई बालिका की मौत

**शाजापुर, 31 अक्टूबर.** जिले के ग्राम कालवा में शुक्रवार को एक 8 साल की बच्ची की खेत में करंट लगने से मौत हो गई. दरअसल, बच्ची संजया 8 अपनी मां के साथ खेत पर गई थी तभी वह करंट की चपेट में आ गई. घटना शुक्रवार दोपहर 1 बजे की है. जबकि इनके परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थी. जानकारी के अनुसारए ग्राम कालवा निवासी संजया 8 अपनी मां के साथ खेत पर थी. खेत पर काम करते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गई. हादसे के बाद परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे गंभीर अवस्था में शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया गया.